प्रादेशिक समाचार
09.10.2024 (संध्या 1900 बजे)

<u>मुख्य समाचार</u>

1. केंद्र सरकार ने लोगों में अनीमियां और पोषक तत्वों की कमी को दूर करने के लिए देश के विभिन्न राज्यों को फोर्टिफाइड चावल आपूर्ति करने का लिया फैसला।
2. राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने नकली दवाओं और भ्रामक विज्ञापनों को बढावा देने वालों पर सख्त कार्यवाही करने का किया आह्वान, आयुर्वेद के क्षेत्र में युवाओं को प्रोत्साहित करने पर दिया बल।
3. भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने भ्रष्टाचार के मुद्दे पर राज्य सरकार पर साधा निशाना, कहा बड़े पैमाने पर बिजली विभाग में हुई है हेराफेरी, सीबीआई जांच की मांग की।
4. दुर्गा पूजा को देखते हुए राजधानी रांची समेत पूरे राज्य में अतिरिक्त पुलिसकर्मियों की हुई तैनाती।
5. बंगाल की खाड़ी में बने निम्न दबाव का दिखा असर, रांची में दोपहर बाद वज्रपात के साथ जोरदार बारिश, मौसम विभाग ने कल राज्यभर के विभिन्न भागों में बारिश की दी चेतावनी।

****************

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में आज केंद्रीय मंत्रिमंडल की बैठक हुई। इस बैठक में केंद्र सरकार ने लोगों में अनीमियां और पोषक तत्वों की कमी को दूर करने के लिए देश के विभिन्न राज्यों को फोर्टिफाइड चावल आपूर्ति करने का फैसला लिया है। कैबिनेट की बैठक के बाद केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने इस फैसले की जानकारी देते हुए कहा कि गरीबों को मुफ्त फोर्टिफाइड चावल की आपूर्ति से एनीमिया और सूक्ष्म पोषक तत्वों की कमी कम होगी।

****************

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने देशभर में पारंपरिक औषधियों की उपलब्धता बढ़ाने के लिए आयुर्वेद के क्षेत्र में उद्यमों की स्थापना के प्रति युवाओं को प्रोत्साहित करने की आवश्यकता पर बल दिया है। आज नई दिल्ली में अखिल भारतीय आयुर्वेद संस्थान के आठवें स्थापना दिवस समारोह के उद्घाटन अवसर पर उन्होंने कहा कि नकली दवाओं और भ्रामक विज्ञापनों को बढावा देने वालों पर सख्त कार्यवाही करने की जरूरत है।

****************

भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने भ्रष्टाचार के मुद्दे पर राज्य सरकार पर निशाना साधा है। उन्होंने कहा है कि बड़े पैमाने पर बिजली विभाग में हेराफेरी हुई है। श्री मरांडी ने इस सिलसिले में सीबीआई जांच की मांग की है। एक्स हेंडल में इस मामले में श्री मरांडी ने लिखा है कि झारखंड ऊर्जा उत्पाद निगम लिमिटेड के खाते से 109 करोड़ रुपए की फरजी निकासी हुई है, जो एक सोची समझी साजिश और गंभीर आर्थिक अपराध है। उन्होंने कहा है कि इस मामले में अरबों रुपए की धोखाधड़ी हुई है जिसकी तार दूसरे राज्यों से जुड़े हो सकते हैं। उन्होंने राज्य सरकार से अविलंब मामले की जांच सीबीआई को सौंपने का आग्रह किया है।

****************

राजधानी रांची समेत राज्यभर में दुर्गा पूजा धूमधाम से मनाई जा रही है। आज देवी दुर्गा के सातवें स्वरूप कालरात्रि की आराधना की जा रही है।

****************

ओड़ीसा के राज्यपाल रघुवर दास आज जमशेदपुर के सिदगोड़ा में आयोजित दुर्गा पूजा में शामिल हुए। इस दौरान उन्होंने मां भगवती की पूजा की और महा आरती में शामिल हुए। उन्होंने श्रद्धालुओं को नवरात्रा की शुभकामना देते हुए कहा कि मां दुर्गा शक्ति की प्रतीक है। सदियों से शक्ति की अराधना होती आ रही है। आने वाले समय में युवाओं को इस परंपरा को संभाल कर रखने की जरूरत है।

***************

दुर्गा पूजा के दौरान विधि व्यवस्था को लेकर राजधानी रांची में दो हजार पुलिसकर्मियों की तैनाती की गयी है। वहीं राज्यभर में जगह–जगह अतिरिक्त जवानों की तैनाती की गई है। इनमें डीएसपी , इंस्पेक्टर और दारोगा भी शामिल हैं। दुर्गा पूजा के दौरान राजधानी रांची में छेड़खानी करने वाले अपराधियों पर पुलिस विशेष नजर रख रही है। महिलाओं की सुरक्षा के लिए जगह–जगह शक्ति कमांडो भी तैनात रहेंगी। डीआईजी अनूप बिरथरे ने बताया कि न सिर्फ शक्ति कमांडो, बल्कि महिला पुलिसकर्मियों के साथ–साथ महिला थाना प्रभारियों को भी दुर्गा पूजा को लेकर अलर्ट मोड में रखा गया है। राजधानी रांची में दुर्गा पूजा को लेकर आज से तेरह अक्टूबर तक ट्रैफिक व्यवस्था में बदलाव किया गया है।

***************

सरायकेला खरसावां जिले में दुर्गा पूजा के अवसर पर आज महासप्तमी के दिन राजा प्रताप आदित्य सिंहदेव के नेतृत्व में राजघराने के सभी राजकुमारों ने अपने शस्त्रों की साफ– सफाई की और उसे मां के चरणों पर अर्पित किया। पंरपरा के अनुसार राजपरिवार के सभी सदस्यों ने दोपहर में खरकाई नदी में स्नान किया और इष्ट देवी मां पाउडी की पूजा अर्चना की।

***************

त्योहारों के इस मौसम में ट्रेनों में यात्रा करने वाले श्रद्धालुओं को भारतीय रेल शुद्ध भोजन उपलब्ध करा रहा है।

***************

रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने रांची के जोड़ा तालाब में सौंदर्यीकरण कार्य की आधारशीला रखी। इस दौरान कांके विधायक समरी लाल भी उपस्थित थे। मौके पर रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने कहा कि जोड़ा तालाब में लोक आस्था का महापर्व छठ कई वर्षों से भव्य रूप से मनाया जा रहा है। उन्होंने बताया कि सीसीएल के सीएसआर फंड से यह कार्य कराया जाएगा। सौंदर्यीकरण हो जाने से छठ व्रतियों को काफी सुविधा मिलेगी।

***************

झारखंड मक्ति मोर्चा के विधायक सुदिवय कुमार सोनू ने बताया कि गिरिडीह में 582 करोड़ रुपए की लागत से रिंग रोड बनायी जायेगी। 26 किलोमीटर लंबी रिंग रोड के निर्माण से शहरवासियों को जाम की समस्या से छुटकारा मिल जाएगा।

***************

रांची के मरांग गोमके जयपाल सिंह स्ट्रोटर्फ स्टेडियम में खेले जा रहे 14 वी हॉकी इंडिया जूनियर वुमन नेशनल चौंपियनशिप के सेमीफाइनल में आज पहला मुकाबला हॉकी मध्य प्रदेश बनाम हॉकी एसोसिएशन ऑफ ओडिशा के बीच खेला गया जिसमें मध्य प्रदेश की टीम ने उड़ीसा की टीम को हराकर फाइनल में प्रवेश किया। वही दूसरा सेमीफाइनल मुकाबला हॉकी झारखंड और हॉकी हरियाणा के बीच खेला जा रहा है।

***************

मौसम विज्ञान केंद्र रांची के अनुसार बंगाल की खाड़ी के दक्षिण पश्चिम भाग में निम्न दबाव का क्षेत्र बनने से राज्यभर में अगले दो दिनों तक बारिश की संभावना है। विभाग ने इसे लेकर येलो अलर्ट जारी किया है। इधर आज दोपहर बाद से ही राजधानी रांची में वज्रपात के साथ भारी बारिश हो रही है।

*******समाप्त*******